**आईसीएमआर – राष्ट्रीय एनसीडी जानपदिक रोग विज्ञान संस्थान (एनआईएनई)** )
(पूर्ववर्ती आईसीएमआर-एनसीडीआईआर)
निर्मल भवन – आईसीएमआर परिसर, पूजनहल्ली रोड,
कन्नमंगला पोस्ट, बेंगलुरु – 562110, कर्नाटक।

विज्ञापन संख्या:आईसीएमआर/ एनआईएनई/भर्ती/2025-26 दिनांकित/ Date:29th जुलाई 2026

**<u>ऑनलाइन वाक- इन इंटरव्यू अधिसूचना</u>**

आईसीएमआर– एनआईएनई, बेंगलुरु में युवा पेशेवर- I & II के पदों को पूर्णतः समयबद्ध संविदात्मक आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

साक्षात्कार की तिथि : 25th अगस्त 2026
रिपोर्टिंग समय: 09:30 पूर्वाह्न
मोड: ऑनलाइन और वॉक-इन-इंटरव्यू
साक्षात्कार का स्थान: आईसीएमआर- एनआईएनई, बेंगलुरु ।

आवश्यक योग्यता और अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं :

| **पद 1: युवा प्रोफेशनल-II (वायपी-II)** – (सार्वजनिक नीति एवं साक्ष्य रूपांतरण) **– (01 पद)** | |
|---|---|
| सम्मिलित वेतन | ₹42,000/- प्रति माह (सभी समावेशी)। |
| आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष (नियमों के अनुसार आयु में छूट)। |
| अनिवार्य योग्यता | **<u>वायपी -II</u>** (सार्वजनिक नीति एवं साक्ष्य रूपांतरण):<br><br>मान्यता प्राप्त संस्थान से जनस्वास्थ्य, स्वास्थ्य नीति, महामारी विज्ञान, स्वास्थ्य प्रणाली, स्वास्थ्य अर्थशास्त्र या सार्वजनिक नीति में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में योग्यता उपरांत कम से कम तीन वर्ष का अनुभव। |
| वांछनीय योग्यता | निम्नलिखित पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी इस भूमिका के लिए विशेष रूप से उपयुक्त माने जाएंगे:<br><br>• महामारी विज्ञान या स्वास्थ्य नीति में विशेषज्ञता के साथ जनस्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>• स्वास्थ्य विषय पर केंद्रित सार्वजनिक नीति में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>• स्वास्थ्य अर्थशास्त्र या स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान में प्रशिक्षण।<br>• गैर-संचारी रोगों की महामारी विज्ञान, कैंसर नियंत्रण या जनस्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रमों में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी।<br>• व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण करने में अनुभव वाले उम्मीदवार। |
| वांछित अनुभव | • जनस्वास्थ्य अनुसंधान, नीति विश्लेषण या साक्ष्य संश्लेषण में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।<br>• सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों, राष्ट्रीय संस्थानों या नीति प्रबुद्ध मंडल के साथ कार्य करने का अनुभव। |
| कार्य का स्वरूप | लुप्त आँकड़ों के विश्लेषण का कार्य करना, दस्तावेज़ीकरण एवं प्रतिवेदन तैयार करने में सहयोग देना तथा परियोजना की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार कार्य करना।<br><br>• एनआईएनई/एनसीआरपी के शोध निष्कर्षों के आधार पर नीति संक्षेप, साक्ष्य सारांश तथा नीति संबंधी नोट तैयार करना। |

| | |
|---|---|
| | • महामारी विज्ञान एवं निगरानी से प्राप्त निष्कर्षों को मंत्रालयों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए नीति-उपयोगी संचार में रूपांतरित करना।<br>• कैंसर महामारी विज्ञान, पर्यावरणीय जोखिम कारकों तथा गैर-संचारी रोगों की रोकथाम रणनीतियों से संबंधित त्वरित साक्ष्य संश्लेषण एवं साहित्य समीक्षा करना।<br>• तकनीकी प्रतिवेदन, श्वेत पत्र तथा राष्ट्रीय नीति पृष्ठभूमि दस्तावेजों की तैयारी में सहायता करना।<br>• वरिष्ठ नीति-निर्माताओं एवं कार्यक्रम प्रबंधकों के लिए प्रस्तुति सामग्री, संक्षिप्त विवरण तथा रणनीतिक संचार दस्तावेज तैयार करने में सहयोग देना।<br>• कैंसर निगरानी, कैंसर के पर्यावरणीय निर्धारक तथा गैर-संचारी रोग नियंत्रण रणनीतियों से संबंधित साक्ष्य-आधारित नीति अनुशंसाओं में योगदान देना। |
| अवधि | नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष की होगी तथा इसके पश्चात, यदि आवश्यकता हुई तो कार्य की आवश्यकताओं के आधार पर प्रत्येक प्रकरण के अनुसार अवधि विस्तार पर विचार किया जाएगा। |
| आवश्यक प्रमुख कौशलसमूह- | उम्मीदवारों में आदर्श रूप से निम्नलिखित क्षमताएँ होनी चाहिए:<br><br>**नीति एवं अनुसंधान कौशल**<br><br>• महामारी विज्ञान संबंधी शोध को नीति-उपयोगी निष्कर्षों में परिवर्तित करने की क्षमता।<br>• त्वरित साहित्य समीक्षा एवं साक्ष्य संश्लेषण में मजबूत दक्षता।<br>• नीति संक्षेप, पृष्ठभूमि नोट या नीति सारांश तैयार करने का अनुभव।<br><br>**विश्लेषणात्मक कौशल**<br><br>• जनस्वास्थ्य आँकड़ों की व्याख्या की समझ।<br>• गैर-संचारी रोगों की महामारी विज्ञान, कैंसर निगरानी एवं स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित मुद्दों का ज्ञान।<br><br>**संचार कौशल**<br><br>• उत्कृष्ट वैज्ञानिक लेखन एवं नीति संचार कौशल।<br>• निर्णयकर्ताओं के लिए संक्षिप्त नीति सारांश तैयार करने की क्षमता।<br><br>**तकनीकी कौशल**<br><br>• संदर्भ प्रबंधन उपकरणों (एंडनोट, ज़ोटेरो) की जानकारी।<br>• महामारी विज्ञान संबंधी आँकड़ा-समूहों की व्याख्या का मूल ज्ञान। |

| **पद 2: युवा प्रोफेशनल-II – (वायपी-II)** – वैज्ञानिक संचार एवं मीडिया **– (01 पद)** | |
|---|---|
| सम्मिलित वेतन | ₹42,000/- प्रति माह (सभी समावेशी)। |
| आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष (नियमों के अनुसार आयु में छूट)। |
| अनिवार्य योग्यता | **वायपी -II** (वैज्ञानिक संचार एवं मीडिया) हेतु:<br><br>विज्ञान संचार, सार्वजनिक स्वास्थ्य संचार, जनसंचार, पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया या सार्वजनिक स्वास्थ्य में न्यूनतम **55% अंकों** के साथ मास्टर डिग्री तथा संबंधित क्षेत्र में **योग्यता उपरांत कम से कम तीन वर्ष का अनुभव**। |
| वांछनीय योग्यता | निम्नलिखित पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी विशेष रूप से उपयुक्त माने जाएंगे:<br><br>• विज्ञान संचार / स्वास्थ्य संचार विशेषज्ञ |

| | |
|---|---|
| | • मजबूत संचार कौशल वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातक<br>• वैज्ञानिक अनुसंधान को जनसंचार में रूपांतरित करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी |
| वांछित अनुभव | • विज्ञान संचार, स्वास्थ्य संचार या डिजिटल मीडिया में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।<br>• अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों या सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों के साथ कार्य करने का अनुभव। |
| कार्य का स्वरूप | • एनआईएनई के शोध प्रकाशनों तथा एनसीआरपी रिपोर्टों के आधार पर संचार सामग्री विकसित करना।<br>• शोध के प्रमुख बिंदु, सारांश तथा वैज्ञानिक निष्कर्षों की सरल व्याख्या तैयार करना।<br>• रिपोर्टों एवं प्रकाशनों के लिए इन्फोग्राफिक्स, विजुअल एब्स्ट्रैक्ट तथा संचार सामग्री तैयार करना।<br>• वेबसाइट, न्यूज़लेटर, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तथा सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से एनआईएनई के निष्कर्षों/उत्पादों के प्रसार में सहयोग करना।<br>• लघु वीडियो, व्याख्यात्मक ग्राफिक्स तथा सोशल मीडिया पोस्ट सहित मल्टीमीडिया संचार सामग्री विकसित करना।<br>• वेबिनार, आउटरीच कार्यक्रमों तथा शोध प्रसार गतिविधियों के आयोजन में सहयोग करना। |
| अवधि | नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष की होगी तथा इसके पश्चात, यदि आवश्यक हुआ, तो कार्य की आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक मामले के आधार पर अवधि बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। |
| आवश्यक प्रमुख कौशल | **वैज्ञानिक संचार कौशल**<br>• तकनीकी शोध निष्कर्षों को स्पष्ट एवं आकर्षक संचार में परिवर्तित करने की क्षमता।<br>• विजुअल एब्स्ट्रैक्ट, सारांश तथा नॉलेज ट्रांसलेशन सामग्री तैयार करने का अनुभव।<br>**डिजिटल संचार कौशल**<br>• अनुसंधान संस्थानों के लिए सोशल मीडिया संचार का प्रबंधन करने का अनुभव।<br>• वैज्ञानिक सामग्री के डिजिटल प्रसार (डिसेमिनेशन) रणनीतियों का ज्ञान।<br>**रचनात्मक एवं तकनीकी कौशल**<br>• इन्फोग्राफिक्स एवं दृश्य संचार सामग्री तैयार करने की क्षमता।<br>• कैनवा, एडोबी इलस्ट्रेटर, पावरपॉइंट डिज़ाइन या समान प्लेटफ़ॉर्मों जैसे उपकरणों के साथ अनुभव।<br>**संपादकीय कौशल**<br>• वैज्ञानिक सारांश एवं जनसंचार के लिए उत्कृष्ट लेखन एवं संपादन कौशल।<br>• जटिल शोध निष्कर्षों को सरल बनाते समय सटीकता बनाए रखने की क्षमता। |

**नियम एवं शर्तें:**

1. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी उक्त पद हेतु आवेदन करने के लिए आईसीएमआर की वेबसाइट (www.icmr.gov.in या https://icmrnine.org/) से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों द्वारा विधिवत भरा हुआ मूल आवेदनपत्र निर्धारित प्रारूप में वॉक-इन साक्षात्कार के दिन व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। अभ्यर्थियों को वॉक-इन साक्षात्कार के दिन आईसीएमआर- एनआईएनई, बेंगलुरु में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

2. विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ संलग्न करते हुए तथा संबंधित दस्तावेजों एवं अनुभव प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित, आईसीएमआर– एनआईएनई, बेंगलुरु को ईमेल (recruitment@icmrnine.org) के माध्यम से 16th अगस्त 2026 को शाम 5:00 बजे या उससे पहले से पूर्व भेजा जाना चाहिए। ईमेल द्वारा आवेदन भेजते समय अभ्यर्थी आईसीएमआर आवेदन प्रारूप के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव से संबंधित दस्तावेजों को कालानुक्रमिक क्रम में संलग्न करें। ऑनलाइन मोड में भाग लेने के इच्छुक आवेदक ईमेल के माध्यम से पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगे। जिन आवेदकों ने अपने शैक्षणिक योग्यता और कार्य अनुभव का समर्थन/सत्यापन करने वाले आवश्यक सहायक दस्तावेज जमा किए हैं, उन्हें ही ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए विचार किया जाएगा।

3. अपूर्ण आवेदन, बिना फोटोग्राफ या संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के बिना प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, ईमेल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किए बिना वॉक-इन साक्षात्कार के दौरान प्राप्त मूल आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. योग्यता एवं अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में होना चाहिए तथा मान्यता प्राप्त प्राधिकरण द्वारा मान्य प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना आवश्यक है। अनुभव की गणना न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पूर्ण होने की तिथि से की जाएगी।

5. निर्धारित योग्यता, अनुभव एवं आयु के आधार पर आवेदनों का चयन किया जाएगा। (संक्षिप्त सूचीकरण).

6. जिन अभ्यर्थियों के पास एक से अधिक पात्र योग्यताएँ हैं, उन्हें चयन प्रक्रिया के लिए केवल एक का ही चयन करना होगा।

7. नियत तिथि के पश्चात ईमेल द्वारा प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. किसी भी सरकारी विभागसंगठन में नियमित वेतनमान पर कार्यरत व्यक्ति पात्र नहीं होंगे।/

9. परीक्षा/परीक्षण एवं साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों द्वारा या उनकी ओर से किसी प्रकार का अनुचित प्रभाव डालना अथवा राजनीतिक या अन्य बाहरी प्रभाव का उपयोग करना चयन/भर्ती के लिए अयोग्यता का कारण होगा।

10. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा की प्रक्रिया के दौरान गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थिता किसी भी चरण में निरस्त कर दी जाएगी।

11. केवल अनिवार्य योग्यताअनुभव की पूर्ति से चयन सुनिश्चित नहीं होता है।/

12. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए होगी। संस्थान की आवश्यकता तथा संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर अवधि विस्तार पर विचार किया जा सकता है।

13. आयु की गणना साक्षात्कार की तिथि के अनुसार की जाएगी। उच्चतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

14. नियुक्ति परीक्षा/लिखित परीक्षण/साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा के परिणामों के आधार पर की जाएगी।

15. चयनित अभ्यर्थी को पूर्णतः संविदात्मक एवं अस्थायी आधार पर नियुक्त किया जाएगा तथा उसे किसी भी उद्देश्य से आईसीएमआर का "कर्मचारी" या "अधिकारी" नहीं माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, उसे संविदा अवधि से आगे किसी भी प्रकार के विस्तार अथवा आईसीएमआर या उसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार में सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा नहीं होगा।

16. युवा प्रोफेशनल का संविदा पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का होगा और इसे किसी भी समय बिना पूर्व सूचना तथा बिना कोई कारण बताए समाप्त किया जा सकता है। तथापि, सामान्य परिस्थितियों में संविदा की समाप्ति किसी भी पक्ष द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताए कम से कम एक माह का नोटिस देकर की जा सकती है।

17. चयनित अभ्यर्थी को परिषद में नियमित नियुक्ति का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

18. प्रचलित नियमों के अनुसार देय आयकर या अन्य किसी कर की कटौती मासिक पारिश्रमिक के भुगतान से पूर्व स्रोत पर ही की जाएगी।

19. <u>हितों का टकराव</u>: युवा प्रोफेशनल से अपेक्षा की जाएगी कि वह परिषद/भारत सरकार के समय-समय पर प्रभावी सभी दिशानिर्देशों का पालन करेगा/करेगी। उसे अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उच्चतम ईमानदारी, गोपनीयता तथा निष्ठा प्रदर्शित करनी होगी। यदि किसी युवा प्रोफेशनल की सेवाएँ असंतोषजनक पाई जाती हैं या परिषद/भारत सरकार के हितों के विरुद्ध पाई जाती हैं, तो उसकी नियुक्ति बिना कोई कारण बताए तत्काल समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में एक वचन पत्र (अंडरटेकिंग) नियुक्ति से पूर्व हस्ताक्षरित कराया जाएगा।

20. <u>अपरिहार्य परिस्थितियाँ तथा अन्य शर्तें</u>: यहाँ प्रयुक्त "अपरिहार्य परिस्थितियाँ" से आशय ऐसी किसी अप्रत्याशित एवं अवरोध-न-की-जा-सकने वाली प्राकृतिक घटना, किसी भी प्रकार के युद्ध (घोषित या अघोषित), आक्रमण, क्रांति, विद्रोह अथवा समान प्रकृति या बल की अन्य घटनाओं से है, बशर्ते कि ऐसी घटनाएँ युवा प्रोफेशनल के नियंत्रण से बाहर हों तथा उसकी किसी त्रुटि या लापरवाही के कारण उत्पन्न न हुई हों। युवा प्रोफेशनल यह स्वीकार करता/करती है कि अनुबंध के अंतर्गत जिन दायित्वों का निर्वहन उसे उन क्षेत्रों में करना है, जहाँ वह कार्यरत है, कार्यारंभ की तैयारी कर रहा/रही है अथवा कार्य से पृथक हो रहा/रही है—विशेषकर शांति स्थापना, मानवीय सहायता या समान कार्यों से संबंधित क्षेत्रों में—ऐसे क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों या वहाँ होने वाली नागरिक अशांति के कारण उत्पन्न विलंब या दायित्वों के निर्वहन में विफलता को मात्र इसी आधार पर अनुबंध के अंतर्गत "अपरिहार्य परिस्थितियाँ" नहीं माना जाएगा।

21. चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रस्ताव की तिथि से तत्काल अथवा एक सप्ताह के भीतर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा।

22. निदेशक, आईसीएमआर–एनआईएनई को पदों की संख्या में वृद्धि या कमी करने, भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने अथवा पदों का पुनः विज्ञापन जारी करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

23. उपर्युक्त रिक्ति सूचना के संबंध में किसी भी परिशिष्टसंशोधन की सूचना केवल हमारी वेबसाइटों/ www.icmr.gov.in / https://icmrnine.org पर ही जारी की जाएगी तथा प्रेस में अलग से कोई सूचना प्रकाशित नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

आईसीएमआर–एनआईएनई तथा इसके मिशन, कार्यों एवं अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित विस्तृत जानकारी एनआईएनई की वेबसाइट (https://icmrnine.org/) पर देखी जा सकती है।

-हस्ताक्षर-
निदेशक, आईसीएमआर– एनआईएनई,
बेंगलुरु।

**ICMR- National Institute of NCD Epidemiology (NINE) (Erstwhile ICMR-NCDIR)**
Nirmal Bhawan- ICMR Complex, Poojanahalli Road,
Kannamangala Post, Bengaluru –562 110. Karnataka.

Advt. No. ICMR/NINE/Recruitment/2025-26 Dated: 29th July 2026

**Notification for Online/Walk-in-Interview**

ICMR-NINE invites applications for the posts of Young Professional- II to be filled purely on time bound contractual basis for a period of one year at ICMR-NINE, Bengaluru.

Date of Interview: 25th August, 2026
Reporting Time: 09:30 AM
Mode: Online/Walk-in-Interview

Place of Interview: ICMR -NINE, Bengaluru.

The required qualifications and other details are given below:

| **Post 1: Young Professional- II – (YP- II) - (**Public Policy & Evidence Translation) **- (01 Post)** | |
|---|---|
| Consolidated Salary | Rs.42,000/- per month (All inclusive) |
| Age Limit | Maximum Age limit is 35 Years (Age relaxation as per Rules) |
| Essential Qualification | **For YP-II - (**Public Policy & Evidence Translation)<br><br>Masters/Postgraduate with **at least 55 % of marks** in Public Health (MPH), Health Policy, Epidemiology, Health Systems, Health Economics, or Public Policy from a recognized institution with **Three-year post qualification experience** in relevant field. |
| Desirable Qualification | Candidates with the following backgrounds are particularly well suited for this role:<br>• MPH with specialization in Epidemiology or Health Policy<br>• Master's in Public Policy (MPP) with health focus<br>• Health Economics or Health Systems Research training<br>• Candidates with experience working on NCD epidemiology, cancer control, or public health surveillance programmers<br>• Candidates with experience in conducting systematic review and meta-analysis |
| Desired Experience | • At least 3 years' experience in public health research, policy analysis or evidence synthesis<br>• Experience working with government health programmes, national institutes, or policy think tanks |
| Nature of Duties | Conduct missing data analysis, support documentation and reporting and adapt to evolving project needs.<br><br>• Develop policy briefs, evidence summaries, and policy notes based on NINE/NCRP research outputs.<br>• Translate epidemiological and surveillance findings into policy-relevant communication for ministries, national health programmers, and international agencies.<br>• Conduct rapid evidence synthesis and literature reviews related to cancer epidemiology, environmental risk factors, and NCD prevention strategies.<br>• Assist in preparation of technical reports, white papers, and national policy background documents. |

| | |
|---|---|
| | • Support preparation of presentations, briefing materials, and strategic communication documents for senior policymakers and program managers.<br>• Contribute to evidence-based policy recommendations related to cancer surveillance, environmental determinants of cancer, and NCD control strategies. |
| Duration | Initial term of engagement will be one year and subsequent extension, if any, will be considered, on case-to-case basis depending upon the job requirements. |
| Key Skill Sets Required | Candidates should ideally demonstrate the following capabilities:<br>**Policy and Research Skills**<br>• Ability to translate epidemiological research into policy-relevant insights<br>• Strong capability in rapid literature review and evidence synthesis<br>• Experience drafting policy briefs, background notes, or policy summaries<br>**Analytical Skills**<br>• Understanding of public health data interpretation<br>• Familiarity with NCD epidemiology, cancer surveillance, and health system issues<br>**Communication Skills**<br>• Strong scientific writing and policy communication<br>• Ability to prepare concise policy summaries for decision makers<br>**Technical Skills**<br>• Familiarity with reference management tools (EndNote, Zotero)<br>• Basic knowledge of data interpretation from epidemiological datasets |

| **Post 2: Young Professional- II – (YP- II)** - Scientific Communication & Media - **(01 Post)** | |
|---|---|
| Consolidated Salary | Rs.42,000/- per month (All inclusive) |
| Age Limit | Maximum Age limit is 35 Years (Age relaxation as per Rules) |
| Essential Qualification | **<u>For YP-II</u> -** (Scientific Communication & Media)<br>Master's degree with **at least 55% marks** in Science Communication, Public Health Communication, Mass Communication, Journalism, Digital Media, or Public Health with **Three year of post qualification experience** in the related field. |
| Desirable Qualification | Candidates with the following backgrounds are particularly suited:<br>• Science Communication / Health Communication specialists<br>• Public Health graduates with strong communication skills<br>• Candidates with experience translating scientific research into public communication |

| | |
|---|---|
| Desired Experience | • At least 3 years' experience in science communication, health communication, or digital media.<br>• Experience working with research institutes, universities, or public health organizations. |
| Nature of Duties | • Develop communication products based on NINE research publications and NCRP reports.<br>• Prepare research highlights, summaries, and simplified explanations of scientific findings.<br>• Create infographics, visual abstracts, and communication materials for reports and publications.<br>• Support dissemination of NINE outputs through website, newsletters, digital platforms, and social media channels.<br>• Develop multimedia communication content including short videos, explainer graphics, and social media posts.<br>• Assist in organizing webinars, outreach events, and research dissemination activities. |
| Duration | Initial term of engagement will be one year and subsequent extension, if any, will be considered, on case-to-case basis depending upon the job requirements. |
| Key Skill Sets Required | **Scientific Communication Skills**<br>• Ability to convert technical research findings into clear and engaging communication<br>• Experience preparing visual abstracts, summaries, and knowledge translation products<br>**Digital Communication Skills**<br>• Experience managing social media communication for research institutions<br>• Familiarity with digital dissemination strategies for scientific content<br>**Creative and Technical Skills**<br>• Ability to design infographics and visual communication materials<br>• Experience with tools such as Canva, Adobe Illustrator, PowerPoint design, or similar platforms<br>**Editorial Skills**<br>• Strong writing and editing skills for scientific summaries and public communication<br>• Ability to maintain accuracy while simplifying complex research findings |

**Terms and Conditions:**

1. Interested and eligible candidates willing to apply for the post may download application from ICMR – website (www.icmr.gov.in or https://icmrnine.org/). Original Application will be received from individual by hand duly filled in the prescribed format on the date of walk-in-interview i.e._The candidates must be present on the day of walk-in-interview by at ICMR-NINE, Bengaluru.

2. Duly filled application affixing recent passport photograph along with self-attested copies of relevant documents and experience should be sent to ICMR-NINE, Bengaluru on or before 5:00 PM of 16 .08.2026 by email recruitment@icmrnine.org. While sending application by email candidates should attach ICMR application format, along with documents related to education and experience in chronological order. Applicants interested in attending online mode shall obtain prior permission via email. The applicants who have submitted the required documents supporting/verifying their educational qualifications and work experience will only be considered for the online interview.

3. Incomplete applications, without photograph or without copies of relevant certificates will not be entertained. Further, without e-mail applications, original applications received during walk-in-interview will not be considered.

4. Qualification and experience should be in relevant discipline/ field and from a reputed institution/ organization recognized by relevant authority. Experience shall count from the date of completion of minimum educational qualification.

5. The applications shall be shortlisted based on the prescribed qualifications, experience and age.

6. Candidates having more than one eligible qualification shall have to choose only one for selection process.

7. Applications received by mail after the due date will not be considered.

8. Persons already in regular time scale service under any Government Department / Organizations are not eligible.

9. No TA/DA will be paid for appearing in examination/test/and interview. Any canvassing by or on behalf of the candidates or to bring political or other outside influence with regard to selection/recruitment shall be disqualification.

10. Submission of incorrect or false information during the process of interview/personal discussion shall disqualify the candidature at any stage.

11. Mere fulfilling the essential qualification/ experience does not guarantee selection.

12. The engagement is purely on temporary basis, for a period of one year. Extension may be considered depending upon the satisfactory performance and requirement of the services by the Institute.

13. Age will be reckoned as on the date of interview. Relaxation of upper age limit is admissible as per rules.

14. The engagement will be made on the basis of results of Examination/Written Test / interview/personal discussion.

15. The selected candidate will be engaged purely on contractual and temporary basis and will not be regarded, for any purpose, as being either an “employee” or “official” of ICMR. Further he/she shall have no claim of further extension beyond contractual engagement or regularization of service in ICMR or its any Institute/Center or Govt. of India.

16. The contract of Young Professional is of a temporary nature and can be terminated anytime, without any prior notice and without providing any reason for it. However, in normal course, termination of contract may be done by giving not less than one month’s notice on either side at any time, without assigning any reason.

17. Selected candidate will not have any right to claim for regular appointment in the Council.

18. The income tax or any other tax liable to be deducted as per the prevailing rules will be deducted at source before effecting payment of monthly emoluments.

19. Conflict of Interest: The individual YP shall be expected to follow all the Guidelines of the Council/ GoI, which are in force from time to time. He/she will be expected to display utmost honesty/secrecy of office, sincerity while discharging his/her duties. In case service of any YP is not found satisfactory or found in conflict of interest of the Council / GoI, his/her engagement will be liable for discontinuation immediately, without assigning any reason thereof. An undertaking to this effect shall be signed by the YP, before joining.
20. Force Majeure and other Conditions: Force majeure, as used herein, means any unforeseeable and irresistible act of nature, any act of war (whether declared or not), invasion, revolution, insurrection or any other acts of a similar nature or force, provided that such acts arise from causes beyond the control and without the fault or negligence of the YP. The YP acknowledges and agrees that, with respect to any obligations under the Contract that the YP must perform in or for any areas in which they are engaged in, preparing to engage in, or disengaging from any peacekeeping, humanitarian or similar operations, any delay or failure to perform such obligations arising from or relating to harsh conditions within such areas or to any incidents of civil unrest occurring in such areas shall not, in and of itself constitute force majeure under the Contract.

21. Selected candidate must join for duties immediately/within one week from the date of offer of engagement.

22. The Director, ICMR-NINE reserves the right to increase or decrease the number of posts or cancel the recruitment or re-advertise the posts, without assigning any reason thereof, and no further correspondence will be entertained in this regard.

23. Any Addendum/Corrigendum in respect of the above vacancy notice shall be issued on our websites www.icmr.gov.in / https://icmrnine.org/). only and no separate notification shall be issued in the press. Applicants are requested to regularly visit our website to keep themselves updated.

Further information on ICMR-NINE and its Mission, Function and Research Focus can be viewed on the NINE website (https://icmrnine.org/)

-Sd-
Director, ICMR-NINE,
Bengaluru.